# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# कब शुरू होगी मानसरोवर यात्रा व भारत–चीन व्यापार मेला

**इंतजार**

## विदेश मंत्रालय के आदेश का अब तक है इंतजार

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**



पिथौरागढ़। इस बार भी पवित्र धार्मिक कैलाश मानसरोवर यात्रा व भारत–चीन व्यापार मेला के शुरू होने को लेकर संशय बरकरार है। जानकारी के मुताबिक हर साल जून माह में पवित्र धार्मिक कैलाश मानसरोवर यात्रा व भारत–चीन व्यापार मेला होता था। पिछले साल 2020 से लेकर इस साल 2021 में भी कोरोना संक्रमण की तेजी से बढ़ी दूसरी लहर ने सारी व्यवस्थायें व आयोजन खत्म कर दिये थे। भारत–चीन व्यापार के चलते जहां एक ओर व्यास घाटी में चहल पहल रहती थी। वही दूसरी ओर धार्मिक कैलाश मानसरोवर यात्रा के कारण कुमाउं मंडल विकास निगम के पर्यटक आवास गृहो में सदा रौनक विराजमान रहती थी। इस बार भी कैलाश मानसरोवर यात्रा व भारत–चीन व्यापार मेला फिलहाल कब से शुरू हो पायेगी। अभी तक विदेश मंत्रालय से इस मामले पर कोई आदेश जारी नही किये गये है। विगत तीन साल से ज्यादा तक का समय बीत चुकने के बाद धार्मिक यात्रा व भारत–चीन व्यापार के शुरू होने में महज अब एक माह का ही वक्त बचा है। लंबे समय से सीमांत के व्यापारियों सहित दो जून रोटी की तलाश में लगे रहने वाले पोनी पोटर्स का रोजगार चौपट हो गया है। वह अब ऐसी परिस्थिति में विदेश मंत्रालय से अब तक इस विषय को लेकर गाइडलाइन तक जारी नही की गई है। जिला प्रशासन भी विदेश मंत्रालय की अनुमति की इंतजारी में है। हर साल भारत चीन व्यापार एक जून से लेकर इकतीस अक्टूबर तक आयेजित होता था। इस मेले में सीमांत के व्यापारी चीनी, मिश्री ,सौन्दर्य प्रसाधन व अन्य सामान लेकर तकलाकोट मंडी जाया करते थे। सीमांत के व्यापारी निराश हो चुके है। दूसरी ओर इस बार यदि पवित्र धार्मिक कैलाश मानसरोवर यात्रा अगर होती है तो इस बार कैलाश यात्री वहनों के माध्यम से सीधे लिपुलेख तक आसानी से पहुंच सकते है। इस बार यात्री गणों के लिए बीआरो द्वारा करीबन अस्सी किमी की पैदल यात्रा रूटों में वाहनों के माध्यम से आवाजाही की व्यवस्था बनाइ गई है। वही अब तक विदेश मंत्रालय से अनुमति तक नही मिल पाई है। ऐसे में इस बार कैलाश मानसरोवर यात्रा व भारत चीन व्यापार मेले के शुरू होने को लेकर विदेश मंत्रालय से मिलने वाली हरी झंडी का इंतजार बरकरार है।

इस बारे में जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान ने बताया कि विदेश मंत्रालय से गाइडलाइन के आने का इंतजार है। जैसे ही कोई जानाकारी मिलेगी उसके बाद ही यात्रा व भारत चीन व्यापार मेले को कराने को लेकर कुछ फैसला लिया जायेगा।

## न्यूज डायरी

### डोईवाला तहसील में सब रजिस्ट्रार नियुक्त करने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने श्रीमान ब्रिज भूषण गैरोला विधायक डोईवाला से जनहित में अनुरोध करते हुए एक ज्ञापन प्रेषित कर डोईवाला तहसील में सब रजिस्ट्रार नियुक्त करने की मांग की है और कहा है कि जब डोईवाला विधानसभा क्षेत्र में तहसील बन चुकी है तो सब रजिस्ट्रार क्यों नहीं नियुक्त हुए है। देहरादून रजिस्ट्रार कार्यालय में चार चार रजिस्ट्रार है अगर इन मे से एक को डोईवाला में नियुक्त कर दिया जाए तो वहां की जनता को होने वाली परेशानियों से निजात मिल जाएगी जनता का समय और पैसा भी बच जाएगा। समिति आशा ही नहीं विश्वास भी करती है कि आप अपने विधानसभा की जनता की जन भावनाओं की कद्र करते हुए डोईवाला क्षेत्र में सब रजिस्ट्रार नियुक्त कराएंगे ताकि जनता को रजिस्ट्री कराने के लिए देहरादून न आना पड़े।

### उत्तरकाशी में यात्रियों के साथ अभद्रता करना पुलिसकर्मी को पड़ा भारी, निलंबित

**संवाददाता** बड़कोट। बड़कोट में यात्रियों के साथ अभद्रता करना एक पुलिसकर्मी को भारी पड़ गया। पुलिसकर्मी को सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस महानिदेशक ने मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस कर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दे दिए हैं। उत्तरकाशी के बड़कोट में पुलिसकर्मी द्वारा यात्रियों को परेशान किये जाने संबंधी सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो का पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने संज्ञान लिया। उन्होंने उपरोक्त प्रकरण की जांच कराए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी को निर्देशित किया था। जांच में पुलिस कर्मी थाना बड़कोट मामले में दोषी मिलने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी लॉन्च किया है, जो नियमित प्रीमियम भुगतान एन्युइटी उत्पाद है और ग्राहकों को लंबी अवधि में व्यवस्थित रूप से बचत करने व सेवानिवृत्ति बचत जुटाने में सक्षम बनाता है। इस उत्पाद को विशेष रूप से ग्राहकों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है ताकि वे एक बचत पूल के निर्माण में नियमित योगदान दे सकें। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी अमित पाल्टा ने कहा कि महामारी ने आजीविका को बाधित कर दिया है जिससे व्यक्तियों को बचत और आय की सुरक्षा पर अधिक जोर देना पड़ता है, खासकर सेवानिवृत्ति पर।

## जैसाण थोक के पुजेली गांव में पांच दिवसीय थात पूजन का समापन

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला विकासखण्ड के कमल सिराईं पट्टी,जैसाण थोक के पुजेली गांव में शनिवार को पांच दिवसीय थातमाता की विशेष पूजा अर्चना ,पांडव मंडाण व शिकारु नाग देव डोली के सानिध्य में चारों दिशाओं में रक्षा सूत्र बंधन के साथ समापन हुआ। थात माता की यह विशेष पूजा अर्चना हर पांच वर्षों में एक बार गांव की सुख,शांति एवं समृद्धि के लिए पांच दिनों तक की जाती है। पूजा अर्चना में क्षेत्र की संस्कृति,परंपरा व पांडव कालीन चलती आ रही विशेष विधि विधान से थात पूजन की झलक देखने को मिलती है।

पांच दिवसीय पूजा के अंतिम दिवस पर काल रात्रि को गांव क्षेत्र की सुख समृद्वी व बूरी आत्माओं के साये से बचानें को हिमाचल मन्यूटी के पांडव कालीन पांडुलिपि के विद्वान पंडित देवीराम पांडेय ने ग्राम देवता,मात्री,थात मांता ईष्ट देवताओं की उपासना कर थात माता के हवन कुंड में विशेष हवन कर कच्चे सूत,सात अनाज के सतनजा,श्रीफल,कद्दू आदि सात प्रकार की बली देकर गांव की चारों दिशाओं में रक्षा सूत्र बंधन किया गया।पांच दिनों तक गांव के मध्य थात मांता के प्राचीन काल से बने हवन कुंड में उच्च हिमालयी क्षेत्र में पाई जाने वाली केदार पात्री व सुगंधित हवन सामग्री एवं देवदार लकड़ी से पूरे दिन हवन पूजा की जाती हैं।

अंतिम दिवस पर खेतों की मिट्टी,पारम्परिक कृषि यंत्रों व औजारों की पूजा की जाती है। थाती माता के हिमांचल से आये पण्डवाण देवी राम पांडे ने बताया कि थाती पूजा हर पांच वर्षों में होती है।



## बच्चों ने साहसिक पर्यटन के साथ सीखा पर्यावरण संरक्षण

**संवाददाता** बागेश्वर। कोरोना के दो वर्ष बाद उत्तराखंड के पिंडारी ग्लेशियर की साहसिक यात्रा शुरू हो गई है। जिले के विभिन्न विद्यालयों के 46 बच्चों का दो दल ग्लेशियर से लौट आया। वह ग्लेशियर से 90 क्विंटल प्लास्टिक का कूड़ा भी एकत्र कर लाए हैं। जिसे नगर पालिका को सौंपा गया है। इस तरह से बच्चों ने साहसिक खेलों के साथ पर्यावरण सरंक्षण का पाठ भी सीखा। उन्होंने पर्यटकों से अपील की है प्रकृति के अनुपम सौंदर्य पर कूड़े–कचरे का दाग न लगाएं।

## भवन निर्माण साम्रगी पर पड़ रहा बढ़ती मंहगाई की मार का असर

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत जनपद में भी बढ़ती मंहगाई के चलते वर्तमान में निर्माण सामग्री के दामों में खासा उछाल आ गया है। वही ऐसे में जिले में अब लोगों को अपने आशियाने बनाने के लिए आने सपनों पर विराम लगाना पड़ रहा है। लगातार निमार्ण सामग्री के दामों में हो रही बढ़ोतरी के चलते जिले में कई लोगों ने भवन निमार्ण के कामों में रोक लगा दी है।



जानकारी के मुताबिक जिले में सीमेंट ,सरिया ,रेत ,ईंट, रोडी व अन्य जरूरती भवन सामग्रियों की कीमत में खासा बढोतरी होने से जिले के लोगों को परेशानी हो रही है। निर्माण सामग्रियों के दामों में आये दिन हो रही बढ़ोतरी के चलते आम आदमी की मुशिकिलें कम होने का नाम ले रही है।

दूसरी ओर ठकेकेदारों ने भी बढ़ती निर्माण सामग्रियों के दामों में बढ़ोतरी के कारण जिले में सड़कों के किनारे बनने वाली नालियों व रास्ते के निमार्ण के काम पर पूरी तरह से रोक लगा डाली है। बात करे निर्माण साम्रगी के दामों की तो जो सीमेंट की कीमत पहले चार सौ पंद्रह के आसपास थी वह वर्तमान में चार सौ साठ रूपये ,चार सूत सरिया की कीमत छह हजार से बढ़कर आठ हजार के करीबन पहुंच गई है। ईट की कीमत सात रूपये से बढ़कर दस रूप्ये के आसपास पहुंच गई है। वही अन्य जरूरती साम्रगी के रेट तो आसमान छू रहे है। ऐसे में जिले के लोगों ने मकान बनाने के सपने तक देखना छोड दिया है। जिले के लोग राज्य व केन्द्र सरकार से मांग कर रहे है कि भवन निर्माण की साम्रगियों के बढ़ते दामों में सरकार ने कटौती करनी चाहिए। जब तक रेटों में बढी बढोतरी को सरकार कम नही कर देती है तब तक मकान बनाने के बारे में जिले के लोग अब कुछ कहने को तैयार तक नही है। वही ऐसे में हार्डवेयर स्टोरों में भी खासा सन्नाटा देखने को मिल रहा है।

## कोरोना से मौत के डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों को लेकर यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन

**संवाददाता** हल्द्वानी। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्लूएचओ की तरफ से कोरोना महामारी के दौरान जान गंवाने वाले लोगों के आंकड़े जारी करने के बाद यूथ कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। बुद्ध पार्क में जुटे कार्यकर्ताओं ने कहा कि कोरोना की चपेट में आकर देश में लाखों लोगों की मौत हो गई। इन मौतों की असल वजह स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी थी। लेकिन केंद्र से लेकर राज्य सरकार इन आंकड़ों को छुपाने में लगी थी। अब डब्लूएचओ की रिपोर्ट ने सरकार के इस कारनामे से पर्दा उठा दिया है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार का पुतला भी फूंका। बुद्ध पार्क में प्रदर्शन के दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव हृदयेश कुमार ने कहा कि कोरोना काल में लोग आक्सीजन और बेडों की कमी के कारण तड़पते दिखे। लेकिन सरकार ने कुछ नहीं किया। विपक्ष जब लोगों की समस्या को लेकर सड़कों पर उतरा तो झूठे मुकदमें दर्ज कर दिए गए।